तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 18 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लेने बीईओ ने किया विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण

4



## खबर संक्षेप

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वित्त मंत्री के मुख्य आतिथ्य में होगा योगाभ्यास

**जांजगीर-चांपा।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को "स्वस्थ आयु के लिए योग" थीम पर जिला मुख्यालय स्थित भीमा तालाब, जाज्वल्य देव द्वार के पास प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास का कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी होंगे। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कार्यक्रम के सुचारू आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपा है एवं समयबद्ध सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### जिले में 26 जून तक चलेगा नशा मुक्त भारत अभियान

**सक्ती।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में 17 जून से 26 जून तक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार मादक पदार्थों की मांग में कमी लाने के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कार्ययोजना लागू की गई है। इसी के तहत जिले में विभिन्न विभागों, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों तथा शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभियान के दौरान सामूहिक शपथ, निबंध प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, संगोष्ठी तथा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम "नशा मुक्त भारत अभियान – विकसित भारत की पहचान" थीम पर आधारित होंगे। इसके तहत 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा संकुल कॉलेजों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर नशापान के दुष्प्रभावों से संबंधित विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सामुदायिक भवन में होगा जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**सक्ती।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर सामुदायिक भवन, जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय के पास सक्ती में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सुबह 7 बजे से सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो द्वारा कार्यक्रम स्थल पर मंच निर्माण, कार्पेट, गद्दे, साउंड सिस्टम, पेयजल, मेडिकल टीम, कानून व्यवस्था आदि अन्य आवश्यक व्यवस्थाओ के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

### नगारीडीह आश्रम के शिष्यावृत्ति आहरण के जांच की मांग

**हसौद।** अनुसूचित जाति बालक आश्रम नगारीडीह के शिष्यावृती आहरण को लेकर इन दिनों कई तरह के आरोप लग रहे है। वित्तीय अनियमित्ता के आरोप में एक अधीक्षक पर निलंबन की कार्रवाई कर दूसरे अधीक्षक को यहां का प्रभार दिया गया है। शिष्यावृत्ति आहरण में गड़बड़ी को लेकर जांच की मांग की जा रही है। आश्रम के प्रधानपाठक अभिलेख अधीक्षक द्वारा संधारित मेस डाइट रजिस्टर छात्रावास छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजी तथा शिष्यावृत्ति संबंधी अभिलेखों की जांच कराई जाए तो पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। इन दस्तावेजों के परीक्षण से दर्ज उपस्थिति, शिष्यावृत्ति स्वीकृति और आहरण से जुड़े तथ्यों का सत्यापन होगा। जांच होने पर मामले से जुड़े सभी पहलुओं का खुलासा हो सकता है।

16 जून से खुले स्कूल, बसों के लिए नहीं मिल रहा पर्याप्त डीजल

# डीजल संकट, थम ना जाए स्कूल बसों के पहिए, संचालक पहुंच रहे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में डीजल की किल्लत अब शिक्षा व्यवस्था पर भी असर डालने लगी है। 16 जून से सरकारी और निजी स्कूलों के खुलने के साथ ही स्कूल बसों के संचालन के लिए डीजल की समस्या सामने आने लगी है। हालात ऐसे बन गए हैं कि एक निजी स्कूल संचालक ने डीजल संकट को देखते हुए जून की बजाय जुलाई माह से स्कूल संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। वहीं अन्य निजी स्कूल संचालक डीजल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंच रहे हैं।

जानकारी के अनुसार जिले के बड़े निजी स्कूलों में प्रतिदिन 100 से 200 लीटर तथा कुछ स्कूलों में 400 से 500 लीटर तक डीजल की खपत होती है। स्कूल खुलने के बाद बसों के संचालन के लिए नियमित रूप से डीजल की आवश्यकता पड़ रही है, लेकिन पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त डीजल नहीं मिलने से संचालकों की चिंता बढ़ गई है।डीजल संकट के कारण स्कूल बसों के संचालन में व्यवधान आने की आशंका है। यदि समय पर डीजल की आपूर्ति नहीं हुई तो विद्यार्थियों के आवागमन पर भी असर पड़ सकता है। इसी समस्या को लेकर कई निजी स्कूल संचालक कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला खाद्य अधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया।संचालकों का कहना है कि स्कूल खुलने के साथ ही विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है और बसों का नियमित संचालन जरूरी है। ऐसे में डीजल की कमी बनी रहने पर शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रभावित हो सकती हैं।

**खास बातें**

- डीजल नहीं मिलने से स्कूल बस संचालन पर संकट
- बड़े स्कूलों में प्रतिदिन 100 से 500 लीटर तक डीजल की खपत
- एक निजी स्कूल ने जुलाई से स्कूल खोलने का फैसला किया
- प्रशासन ने कहा- स्कूलों के लिए डीजल की नहीं होगी कमी
- 16 जून से जिले के सरकारी और निजी स्कूल खुले



### अधिकांश डीजल पंप ड्राई, नहीं हो रही नियमित आपूर्ति

बीते माहभर से जिले में डीजल की समस्या बनी हुई है। नियमित आपूर्ति नहीं होने से आए दिन अधिकांश पेट्रोल पंप में डीजल नहीं होने का चस्पा लगा होता है। ऐसे में वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। वर्तमान में खरीफ फसल की बोआई को लेकर जुताई का काम जोर-शोर से चल रहा है। ऐसे समय में डीजल की किल्लत को लेकर जिले के किसान एक बार फिरसे परेशान हो रहे है। जिले के नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा, बम्हनीडीह क्षेत्र के पेट्रोल पंप में ट्रैक्टरों की लंबी कतारें आए दिन लग रही है। डीजल आते ही किसानों की भीड़ पंप में पहुंच जाती है। खास बात यह है कि कुछ घंटे वितरण के बाद पंप में भी डीजल खत्म होने की सूचना चस्पा कर दी जाती है।

### नार्मल की जगह दे रहे पावर पेट्रोल

जिले के पेट्रोल पंप में डीजल की किल्लत के साथ ही कई जगहों पर नार्मल पेट्रोल नहीं मिलने की जानकारी मिल रही है। शहर सहित आसपास के पेट्रोल पंपों में नार्मल की जगह पावर पेट्रोल दे रहे है। पूछने पर कहा जाता है कि नार्मल पेट्रोल का स्टॉक खत्म हो गया है। ऐसे में लोगों को अतिरिक्त दाम देकर पावर पेट्रोल लेना पड़ रहा है।

**डीजल की नहीं होगी कोई कमी**

स्कूलों के लिए डीजल की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। जिस भी स्कूल संचालक को डीजल संबंधी समस्या हो रही है, वे आवेदन देकर अपनी आवश्यकता बता सकते हैं। आवश्यकता के अनुसार संबंधित स्कूल को उसके नजदीकी पेट्रोल पंप से डीजल उपलब्ध कराया जाएगा।

-कौशल साहू,
जिला खाद्य अधिकारी

# खाद के लिए काट रहे समिति का चक्कर, बीज का हो रहा इंतजार

खरीफ की खेती को लेकर बढ़ी किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खरीफ फसल की तैयारी में जुटे किसानों के सामने खाद और बीज की समस्या गहराती नजर आ रही है। समितियों में खाद तो आ चुकी है, लेकिन किसानों को इसके लिए लगातार चक्कर काटना पड़ रहा है। वहीं अभी भी समितियों में धान बीज का इंतजार हो रहा है।

कृषि प्रधान जिला जांजगीर-चांपा में बड़ी तादाद में किसान धान की खेती करते है। अब मानसून करीब है। ऐसे में किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट चुके है। खेती के लिए सबसे पहले किसान धान और बीज का इंतजार करते है। जिले की समितियों में खाद तो आ चुके है, लेकिन बीज का अब तक कोई पता नहीं है। खाद लेने के लिए भी किसान लगातार परेशान हो रहे है। आदर्श ग्राम गोधना स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को उसका वितरण नहीं किए जाने से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। वहीं धान बीज की मांग जिला बीज निगम को भेजे जाने के बाद भी अब तक बीज नहीं पहुंचा है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। सोमवार और मंगलवार को बड़ी संख्या में किसान खाद खरीदने के लिए प्राथमिक कृषि साख केंद्र गोधना पहुंचे थे। किसानों का कहना है कि समिति में खाद उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें खाद नहीं दिया गया। बताया जा रहा है कि समिति प्रबंधक गोपाल साहू की अनुपस्थिति के कारण खाद वितरण कार्य नहीं हो सका। दो दिनों तक केंद्र के चक्कर लगाने के बाद किसानों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। इधर धान बीज की उपलब्धता को लेकर भी किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। प्राथमिक कृषि साख केंद्र गोधना से केवल गोधना गांव ही नहीं, बल्कि कुकदा, कुरियारी, बेल्हा और रिंगनी सहित आसपास के कई गांवों के किसान खाद और बीज की खरीदी करते हैं। ऐसे में केंद्र में वितरण व्यवस्था प्रभावित होने का असर बड़ी संख्या में किसानों पर पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र खाद एवं धान बीज उपलब्ध कराने तथा नियमित वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि खरीफ सीजन की तैयारियां समय पर पूरी हो सकें। इस संबंध में ग्राम सेवक चंद्रभान बंजारे ने बताया कि जिला खाद-बीज निगम को 200 बोरी धान बीज की मांग भेजी गई है। बीज आने की संभावना अगले कुछ दिनों में है। बीज उपलब्ध होते ही किसानों के बीच उसका वितरण शुरू कर दिया जाएगा।



निजी खाद दुकान में जांच व कार्रवाई करते अधिकारी।

### निजी उर्वरक दुकान में अनियमितता, बिक्री पर लगाया प्रतिबंध

**सक्ती।** उर्वरकों की असामान्य बिक्री, कालाबाजारी तथा जमाखोरी रोकने के लिए जिला एवं विकासखंड स्तरीय दल द्वारा सतत निगरानी कर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला एवं विकासखंड स्तरीय दल द्वारा विकासखंड डभरा के ग्राम सपोस स्थित उर्वरक विक्रेता मैसर्स हनुमान ट्रेडिंग कंपनी के परिसर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिंकेटेड एस.एस.पी. दानेदार 224 बोरी, जिंकेटेड एस.एस.पी. पाउडर 450 बोरी तथा जिंकेटेड-बोरोनेटेड एस.एस.पी. दानेदार 122 बोरी उर्वरक पाए गए। जांच के दौरान संबंधित उर्वरकों के संबंध में स्पष्ट बिल-वाउचर प्रस्तुत नहीं किए जा सके तथा फर्म द्वारा जुड़वाने संबंधी आवश्यक दस्तावेजों का भी अभाव पाया गया। प्रथम दृष्टया संदेहास्पद स्थिति प्रतीत होने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए विकासखंड डभरा के उर्वरक निरीक्षक द्वारा उक्त उर्वरकों की बिक्री पर 21 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही संबंधित उर्वरक विक्रेता को 7 दिनों के भीतर आवश्यक एवं स्पष्ट दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# हादसे को न्यौता दे रही छह दशक पुरानी जर्जर पानी की टंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के आमापारा मोहल्ले में स्थित लगभग 60 वर्ष पुरानी पानी टंकी ग्रामीणों के लिए भय और चिंता का कारण बन गई है। वर्ष 1965 के आसपास निर्मित यह पानी टंकी पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा इसे तोड़ने की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं की गई है।

पानी टंकी की स्थिति दिन-प्रतिदिन और अधिक खराब होती जा रही है। जगह-जगह से कंक्रीट उखड़ चुकी है और लोहे का सरिया भी बाहर दिखाई देने लगा है। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई बड़ा हिस्सा टूटकर नीचे गिर सकता है,जिससे गंभीर दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पानी टंकी के आसपास बड़ी आबादी निवास करती है और मोहल्ले के छोटे-छोटे बच्चे प्रतिदिन इसके आसपास खेलते रहते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग को इस गंभीर समस्या की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब चार माह पूर्व विभाग द्वारा पानी टंकी को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई थी, जिससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि जल्द ही इस खतरे से मुक्ति मिल जाएगी, लेकिन कुछ शुरुआती गतिविधियों के बाद यह कार्य अचानक बंद हो गया और तब से स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और पीएचई विभाग से मांग की है कि जर्जर पानी टंकी को तत्काल तोड़ने की कार्रवाई पूरी की जाए तथा क्षेत्र को सुरक्षित घोषित किया जाए।



जर्जर पानी टंकी पर लगाया गया बांस का ढाचा।

**दिया जा चुका ठेका**

पीएचई विभाग द्वारा पंचायत को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पानी टंकी को तोड़वाने के लिए हमारे द्वारा ठेका भी दिया जा चुका है। जल्द ही तोड़वा दिया जाएगा ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे।

-**सुष्मिता साहू**, सरपंच ग्राम पंचायत तुस्मा

# भूस्थापित कर्मचारियों ने कोयला सप्लाई रोड की जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

डभरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उच्चपिंडा स्थित आरकेएम पावर प्लांट में वर्षों से कार्यरत भू-विस्थापित श्रमिकों का सब्र आखिरकार टूट ही गया। आवेदन पर कार्यवाही नहीं होने से नाराज होकर सैकड़ों कर्मचारी प्लांट कोयला सप्लाई रोड को जाम करते हुए धरने पर बैठ गए।

- **स्थाई नौकरी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन**

विदित हो कि तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम उच्चपिंडा स्थित आर के एम पॉवर प्लांट के द्वारा प्लांट प्रारंभ करने के समय किसानों से जमीन अधिग्रहण किया गया था। प्रबंधन ने सभी जमीन मालिकों को स्थायी नौकरी देने का वादा किया था लेकिन पंद्रह साल बाद भी स्थायी नौकरी नहीं मिल सकी है। वहीं तनख्वाह में बढ़ोतरी भी नहीं हुई है। इससे नाराज भू विस्थापित कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर पिछले दिनों क्षेत्रीय विधायक के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (रा) को ज्ञापन देते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। आवेदन पर कार्यवाही नहीं होने पर बुधवार 17 जून को आर के एम पॉवर प्लांट के सैकड़ों भूविस्थापित कर्मचारियों ने प्लांट के कोयला सप्लाई रोड को जाम करते हुए धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया। जिससे प्लांट के सैकड़ों कोयला लदे ट्रको की लाइन लग गई कोयला परिवहन ठप्प हो गया।



सड़क पर बैठकर चक्काजाम करते भू विस्थापित कर्मचारी।

### कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर आरक्षक निलंबित

**सक्ती।** पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर ने सार्वजनिक स्थान में पुलिस की छवि धूमिल करने एवं कर्तब्य से अनुपस्थित रहने वाले आरक्षक को निलंबित किया है। रक्षित केन्द्र में पदस्थ आरक्षक जगजीवन टोण्डे को 3 जून को मालखरौदा वारण्ट पेशी हेतु ड्यूटी में भेजा गया था। आरक्षक कार्य उपरांत रक्षित केन्द्र वापस नही आया और 17 जून तक कर्तब्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहा। इसी बीच आरक्षक जगजीवन टोण्डे का सक्ती स्थित बुधवारी बाजार में चबूतरे पर संदिग्ध अवस्था में सोते पाये जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ। इस पर एसपी प्रफुल्ल कुमार ठाकुर द्वारा उक्त आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### 30 पाव शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा पुलिस ने 30 पाव देशी प्लेन शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बजरंग चौक बलौदा में दबिश देकर शुभम कुमार कश्यप उम्र 23 साल के कब्जे से 30 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

घटनास्थल पर छिपे साक्ष्य संकलन के लिए एक्सपर्ट ने दिया फिंगर प्रिंट का विशेष प्रशिक्षण

# आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों से लैस होगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले की पुलिस आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों से लैस होगी। अपराधों की वैज्ञानिक एवं प्रभावी विवेचना को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विशेषज्ञों ने फिंगर प्रिंट का विशेष प्रशिक्षण दिया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में फिंगर प्रिंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बिलासपुर रेंज की फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट श्रीमती विद्या जौहर द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिनी फिंगरप्रिंट डेवलपिंग किट के संबंध में विस्तृत एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। घटनास्थल पर छिपे साक्ष्यों की पहचान का प्रशिक्षण दिया गया। मिनी फिंगरप्रिंट डेवलपिंग किट का प्रदर्शन कर तकनिकी जानकारी दी गई। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट श्रीमती विद्या जौहर ने प्रशिक्षण के दौरान अपराध स्थल पर उपलब्ध फिंगर प्रिंट साक्ष्यों के वैज्ञानिक तरीके से संकलन, संरक्षण एवं विश्लेषण की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि फिंगरप्रिंट साक्ष्य अपराधियों की पहचान स्थापित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा न्यायालय में मजबूत साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। साथ ही मिनी फिंगरप्रिंट डेवलपिंग किट के उपयोग से घटनास्थल पर छिपे हुए फिंगरप्रिंट विकसित करने की तकनीक का प्रदर्शन भी किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों से आए प्रशिक्षु उप निरीक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने आधुनिक फॉरेंसिक तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। एएसपी उमेश कुमार कश्यप ने कहा कि वर्तमान समय में अपराधों की विवेचना में वैज्ञानिक साक्ष्यों का महत्व निरंतर बढ़ रहा है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के साथ-साथ अपराधों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण में सहायक सिद्ध होंगे। जिला पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धतियों को अपनाकर अपराध नियंत्रण एवं विवेचना को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



एसपी कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण लेते पुलिसकर्मी।

# राजस्व निरीक्षकों का तबादला, कलेक्टर ने जारी किया नवीन पदस्थापना आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने भू-अभिलेख शाखा अंतर्गत कार्यरत राजस्व निरीक्षकों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश प्रशासनिक एवं कार्यालयीन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है।

जारी आदेश के तहत अशोक कुमार साहू को राजस्व निरीक्षक मंडल जांजगीर से अमोरा, मिमांशु भास्कर को सुकली से मुलमुला, ऋचा राठौर को बिरगहनी से नजूल चांपा, चंदराम साहू को नवागढ़ से पहरिया तथा किशोर सिंह सिदार को शिवरीनारायण से सारागांव पदस्थ किया गया है। वहीं जितेंद्र सिंह को कोटगढ़ एवं अकलतरा से बलौदा, जागेश्वर सिहानी को बलौदा से अकलतरा, रामायण प्रसाद सूर्यवंशी को पहरिया से बम्हनीडीह, जयनारायण भूपेंद्र को मुलमुला से शिवरीनारायण तथा आदित्य झा को राहौद से पामगढ़ भेजा गया है। इसके अलावा संजय सोनी को खरौद से राहौद, शीला देवांगन को नजूल चांपा से सुकली, भागवत सिंह गोंड़ को सारागांव से जांजगीर, शेख मोहम्मद मुजीब को बम्हनीडीह से नवागढ़ तथा साहेब लाल टंडन को राजस्व निरीक्षक वर्कलोड से नजूल शाखा जिला कार्यालय में पदस्थ किया गया है। कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। प्रशासन का मानना है कि इस फेरबदल से राजस्व कार्यों के संचालन में तेजी आएगी और आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।



# समारा ने चुलबुले अंदाज से जीता फैंस का दिल...

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी ने अपने क्यूट अंदाज, आत्मविश्वास और कैमरा-फ्रेंडली स्टाइल से एक बार फिर सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है। रणबीर कपूर की भांजी समारा साहनी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। रिद्धिमा कपूर साहनी और भरत साहनी की बेटी समारा को हाल ही में पैपराजी ने स्पॉट किया। इस दौरान वे ऑल-डेनिम लुक में चुलबुले अंदाज में नजर आईं। पैप्स को देखते हुए उन्होंने पाउट बनाकर पोज देना शुरू कर दिए। उन्हें देख नेटिजंस लिख रहे हैं कि लगता है समारा मामी आलिया भट्ट की राह पर आगे बढ़ेंगी। समारा ने कैमरा-फ्रेंडली पोज से सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरी हैं।

लाइफ Style



# दिव्या

## सुमन के किरदार से राख में लगाए चार चांद

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज राख में सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय'में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे 'ककून' नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं। वेब सीरीज 'राख' रिलीज हो चुकी है। यह सीरीज 1978 के कुख्यात रंगा-बिल्ला केस से प्रेरित है, जिसे भारत के सबसे खौफनाक अपराधों में गिना जाता है।

हॉलीवुड मसाला



# सबसे बड़े टक्कर की मिली झलक

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की अपकमिंग फिल्म 'अवेंजर्सः डूम्सडे' को लेकर एक बड़ा लीक सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे 'अवेंजर्सः डूम्सडे' के इस क्लिप में एमसीयू के अब तक के सबसे बड़े क्रॉसओवर की झलक देखने को मिल रही है। वीडियो लीक होने के बाद जमकर वायरल हो रहा है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस लीक फुटेज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर का डॉक्टर डूम एक विशाल सेंटिनल आर्मी के साथ नजर आ रहा है।



# जेंडाया-टॉम ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर कपल जेंडाया और टॉम हॉलैंड अपनी नई फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के प्रमोशन के लिए स्पेन की राजधानी मैड्रिड पहुंचे हैं। वहां के 'फोर सीजन्स होटल' में आयोजित एक इवेंट में दोनों ने एक साथ एंट्री की। जेंडाया और टॉम हॉलैंड ने रेड कार्पेट पर ब्लैक रंग के मैचिंग कपड़ों में बेहद खूबसूरत पोज दिए। टॉम हॉलैंड ने काले रंग के सूट के साथ लाल शर्ट पहनी थी, जो उनके स्पाइडर-मैन लुक की याद दिला रही है। जेंडाया ने काले रंग की स्टाइलिश स्ट्रैपलेस ड्रेस पहनी थी, जिसके साथ उन्होंने मैचिंग हील्स और खूबसूरत झुमके पहने। उनका हेयरस्टाइल और सिंपल मेकअप फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# करना पड़ा था बॉडी शेमिंग का सामना

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित इन दिनों अपनी फिल्म 'मां बहन' में शानदार परफॉर्मेंस को लेकर खूब तारीफें बटोर रही हैं। इस बीच एक्ट्रेस ने अपने पुराने दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। 'मां बहन' फिल्म में उनका किरदार समाज की सोच और जजमेंट का सामना करता है, खासकर उनके स्लीवलेस ब्लाउज पहनने को लेकर। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में माधुरी ने अपने कॅरियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें भी बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा था। माधुरी ने बताया कि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की राय और कमेंट्स से बचना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा, 'जब मैंने करियर शुरू किया था, तब लोग कहते थे कि मैं बहुत पतली हूं। लोग कहते थे- इसको कुछ खिलाओ। लोग बहुत जल्दी जज कर लेते हैं।



# मलयालम सिनेमा में पहला कदम...

**मुंबई।** फिल्म 'ओडियन- द एज ऑफ इल्यूजन' का आधिकारिक ऐलान हो चुका है। इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ है, जिसे करण जौहर ने शेयर किया है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनेगी। इस तरह निर्माता का यह मलयालम सिनेमा जगत में पहला कदम है। बता दें कि 'ओडियन' में पृथ्वीराज सुकुमारन नजर आएंगे। फिल्म 'ओडियन' के निर्देशन की कमान राहुल सदाशिवन के कंधों पर हैं। वहीं, फिल्म में पृथ्वीराज के साथ मंजू वारियर अहम भूमिका में नजर आएंगी। करण जौहर ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। करण जौहर ने लिखा है, 'धर्मा मूवीज में हम मलयालम सिनेमा की दुनिया में अपना पहला कदम रख रहे हैं और मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि हमारे साथ इसके लिए सबसे अच्छे पार्टनर हैं'।

टीवी मसाला



# संचिता की मौत के बाद टीवी इंडस्ट्री पर फूटा आंचल का गुस्सा

**नई दिल्ली।** युवा अभिनेत्री संचिता उगले ने 14 जून को आत्महत्या कर ली। उन्होंने 'कुमकुम भाग्य'; 'साजन घर' और 'दिलवाली दूल्हा ले जाएगी' जैसे कई चर्चित शो में काम किया था। संचिता की मौत के बाद एक्ट्रेस आंचल खुराना ने टीवी जगत पर नाराजगी जाहिर करते हुए कुछ सवाल किए हैं। उन्होंने इंडस्ट्री में काम के दबाव और काम करने के तरीकों पर भी बात की। आंचल खुराना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बीते दिन एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वे काफी परेशान नजर आईं। उन्होंने संचिता के निधन पर दुख जताते हुए टीवी इंडस्ट्री के काम के ऐसे ढर्रे का खुलासा किया, जिससे कलाकारों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। आंचल का कहना है कि टीवी जगत में अगर आप किसी को लाइन नहीं दे रहे तो आपको रिप्लेस करना वहां बहुत ही आसान है। आंचल वीडियो में कह रही हैं, 'एक एक्टर ने सुसाइड कर लिया। चैनल को टीआरपी चाहिए, प्रोड्यूसर को बजट बचाना है और दर्शकों को मनोरंजन चाहिए। लेकिन, इसके पीछे क्या आपने कभी सोचा है कि एक एक्टर किन हालातों से गुजरता है? एक छोटी सी बात पर रिप्लेसमेंट। किसी के साथ सोओगे नहीं तो रिप्लेसमेंट, किसी से बहस कर लोगे तो रिप्लेसमेंट। अपना आत्म-सम्मान बचाओगे तो रिप्लेसमेंट'। आंचल ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा है, 'हो सकता है कि इससे चैनल और प्रोड्यूसर नाराज हो जाएं, लेकिन सच तो यही है। मैं कैमरे के सामने मुस्कुराती हुई खड़ी रहती हूं, लेकिन अंदर एक तूफान चल रहा होता है। हर दिन हम अगले ऑडिशन, उस एक लाइन या अपने सपने को पाने की कोशिश में जागते हैं। जो चीज किसी को दिखाई नहीं देती। जिस पर कोई ध्यान नहीं देता, वह है हमारी थकान। प्रासंगिक बने रहने का दबाव और भुला दिए जाने का डर बहुत भारी पड़ता है।

## बिग बॉस 20 में धमाल मचाएंगे ये सितारे

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' के साथ बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान फिर से होस्ट की कुर्सी संभालने के लिए तैयार हैं। अभिनेता के 21 सितंबर से आने वाले सीजन की शूटिंग शुरू करने की संभावना है। बिग बॉस 20 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है और कई ऐसे नाम सामने आ रहे हैं जो सलमान खान के होस्ट किए जाने वाले इस शो के नए सीजन में कंटेस्टेंट के तौर पर दिख सकते हैं। नए सीजन में जिन नामों की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, उनमें फैसल शेख (मिस्टर फैसु), रिधिमा गुप्ता, अंजलि अरोड़ा, जन्नत जुबैर, आवेज दरबार और ऊर्फी जावेद शामिल हैं। अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग की वजह से ये सभी ऑनलाइन चर्चाओं में पसंदीदा बने हुए हैं। एक तरफ जहां आवेज बिग बॉस के पिछले सीजन का हिस्सा रह चुके हैं वहीं उर्फी जावेद शो के पहले ओटीटी सीजन का हिस्सा थीं, इसलिए उनका वापस आना दर्शकों के लिए काफी रोमांचक होगा।



# दीपिका के बाहर होते ही कल्कि-2 में हुई आलिया की एंट्री...

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी के दूसरे पार्ट से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब आलिया भट्ट की एंट्री होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए पहले से शूटिंग कर ली है। अगर ऐसा हुआ तो साई पल्लवी और आलिया एक ही फिल्म में नजर आएंगी। साल 2024 में प्रभास और दीपिका पादुकोण की फिल्म कल्कि 2898 एडी में नजर आई थीं। फिल्म में उनके किरदार और काम को पसंद किया गया था। मेकर्स कल्कि का दूसरा पार्ट बना रहे हैं। कुछ समय पहले खबर सामने आई थी कि दीपिका इस प्रोजेक्ट से बाहर हो गई है। मेकर्स ने दीपिका को रिप्लेस करते हुए साई पल्लवी को अपने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बताया था। अब ताजा खबरों की मानें तो आलिया भट्ट भी इस प्रोजेक्ट से जुड़ सकती हैं। फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। सोशल मीडिया की कई रिपोर्ट्स की मानें तो कल्कि 2 से आलिया भट्ट का नाम जुड़ गया है। इउच रिपोर्ट में कहा गया है कि वो दीपिका को रिप्लेस कर रही हैं। वहीं कुछ के मुताबिक उनका रोल एकदम अलग और नया होगा। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस ने पहले फी फिल्म के लिए कुछ सीन शूट



कर लिए हैं। इन सीन को शूट करने के लिए आलिया हैदराबाद गई थीं। अगर ये रिपोर्ट सही निकलीं तो आलिया भट्ट और साई पल्लवी एक ही फिल्म में नजर आएंगी। इस खबर पर आलिया भट्ट की तरफ से कोई पुष्टि नहीं है। लेकिन फिल्म कल्कि 2 से जुड़े एक शख्स ने हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत की। शख्स ने बताया कि इस खबर पर अभी कोई ऑफिसियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया और सब वही कॉपी पेस्ट कर रहे हैं। आलिया की कास्टिंग को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। दीपिका पादुकोण के साथ से एक नहीं दो बड़ी फिल्में निकल गई।

# इटली की एक फिल्म पर 28 बार बन चुका है रीमेक, रोचक तरीके से दिखाती है कहानी...

*नई दिल्ली। फिल्म इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों का चलन कोई नया नहीं है। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड और साउथ सिनेमा तक, कई सफल फिल्मों को अलग-अलग भाषाओं और देशों में दोबारा बनाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा बार रीमेक की जाने वाली फिल्म कौन सी है? इस रिकॉर्ड पर इटली की एक फिल्म का कब्जा है। इसे अब तक 28 बार अलग-अलग भाषाओं और देशों में रीमेक किया जा चुका है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी सरल लेकिन गंभीर कहानी है। ये फिल्म आधुनिक दौर में मोबाइल फोन, पर्सनल लाइफ और रिश्तों के कॉम्प्लिकेशंस को बेहद रोचक तरीके से दिखाती है।*

## कौन-सी है ये फिल्म?

इस फिल्म का नाम है 'परफेक्ट स्ट्रेंजर्स', जो 2016 में रिलीज हुई थी। ये एक कुछ पुराने दोस्तों की कहानी है, जो एक डिनर पार्टी में मिलते हैं।बातचीत के दौरान सभी दावा करते हैं कि उनकी जिंदगी में कोई राज नहीं है और वे एक-दूसरे से कुछ नहीं छिपाते. इसी दावे को परखने के लिए वे एक खेल खेलते हैं। खेल के नियम के मुताबिक, सभी को अपने मोबाइल फोन टेबल पर रखने होते हैं और आने वाले हर कॉल, मैसेज और नोटिफिकेशन को सबके सामने शेयर करना होता है। इसके बाद एक-एक करके ऐसे राज सामने आते हैं, जो उनकी दोस्ती, रिश्तों और पर्सनल लाइफ को झकझोर देते हैं।



***बॉलीवुड में भी बन चुका है रीमेक :*** *इस फिल्म की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका हिंदी रीमेक भी बनाया जा चुका है। अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में इसी कहानी पर आधारित थी। हालांकि, ओरिजिनल इटैलियन फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से ज्यादा सराहना मिली। जहां ओरिजिनल फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 7.7 रही, वहीं हिंदी वर्जन को इसकी तुलना में कम रेटिंग मिली है।*

### आखिर क्यों इतनी बार बनी रीमेक?

परफेक्ट स्ट्रेंजर्स की कहानी यूनिवर्सल है। रिश्ते, दोस्ती, विश्वास और छिपे हुए राज जैसी बातें दुनिया के हर समाज में लोगों को जोड़ती हैं।इसके अलावा फिल्म का बजट भी काफी कम है। ज्यादातर कहानी एक ही लोकेशन पर आधारित है और इसमें बड़े एक्शन या महंगे सेट्स की जरूरत नहीं पड़ती. यही वजह है कि अलग-अलग देशों के मेकर्स इसे अपने स्थानीय दर्शकों के हिसाब से आसानी से ढाल लेते हैं।

## कुछ हुई हिट तो कुछ को नहीं मिला ऑडियंस

# इन फिल्मों में पत्नी ने पति को धोखा देकर गैर मर्दों से चलाया अफेयर

*नई दिल्ली। हम फिल्मों में अक्सर देखते हैं कि हीरो-हीरोइन प्यार में इस कदर पागल होते होते हैं कि एक-दूसरे को पाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं। यही नहीं, वो अपने प्यार के लिए परिवार और समाज से भी लड़ जाते हैं। लेकिन तब क्या हो जब उनका प्यार ही बेवफा हो जाए। हिल गए न दिमाग के तार। जी हां आज, हम आपको ऐसी ही फिल्मों और सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें एक पत्नी ने अपने पति के पीठ पीछे गैर मर्द संग अफेयर चलाया।*



### कभी अलविदा ना कहना

'कभी अलविदा ना कहना' साल 2006 में रिलीज हुई थी। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रानी मुखर्जी, प्रीति जिंटा, अभिषेक बच्चन और शाहरुख खान लीड रोल में थे। रानी का फिल्म में शाहरुख खान संग अफेयर हो जाता है। इसे आप नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### मर्डर

2004 में रिलीज हुई 'मर्डर' एक प्रसिद्ध बॉलीवुड इरॉटिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में दिखाया गया कि कि मल्लिका अपने बिजी पति से परेशान होकर अपने एक्स बॉयफ्रेंड से फिर से चक्कर चलता है। इसे आप फ्री में नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### रुस्तम

साल 2016 में आई अक्षय कुमार की फिल्म 'रुस्तम' की कहानी 1959 के चर्चित के.एम. नानावटी बनाम महाराष्ट्र राज्य के वास्तविक जीवन के मर्डर केस और देश की सुरक्षा से जुड़े एक घोटाले पर आधारित है। इस फिल्म में अक्षय एक नेवी ऑफिसर होते हैं। वहीं, उनकी पत्नी सिंथिया (इलियाना डिक्रूज) का अफेयर किसी और से हो जाता है। इस सस्पेंस और कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को आप फ्री में जी5 पर देख सकते हैं।

### ऐतराज

बॉलीवुड की हिट फिल्मों में 'ऐतराज' का नाम शामिल है। साल 2004 में आई 'ऐतराज' एक रोमांटिक साइको थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा और करीना कपूर लीड रोल में हैं। मूवी में अक्षय कुमार के लिए प्रियंका पति अमरीश पुरी को धोखा देती हैं। इसे आप फ्री में जी5 और यूट्यूब पर देख सकते हैं। पुरी को धोखा देती हैं।

### हसीन दिलरुबा

'हसीन दिलरुबा' साल 2021 की एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। कहानी रानी (तापसी पन्नू) और उसके पति ऋषभ उर्फ 'रिशु' (विक्रांत मैसी) के इर्द-गिर्द घूमती है। मूवी में दिखाया गया कि रानी का अफेयर रिशु के चचेरे भाई नील (हर्षवर्धन राणे) के अफेयर में पड़ जाती है। इसके बाद होती है नील की हत्या का कांड। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### सिलसिला

यश चोपड़ा द्वारा निर्देशित साल 1981 की क्लासिक फिल्म 'सिलसिला' लव ट्रायंगल पर बनी है। इस मूवी में अमिताभ बच्चन, रेखा, जया बच्चन और संजीव कुमार लीड रोल हमें थे। फिल्म में दिखाया गया था कि रेखा अपने पति संजीव को और अमिताभ अपनी पत्नी जया को धोखा देकर एक-दूसरे से चक्कर चलतो हैं। एक हिट फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ब्लैकमेल

इरफान खान की 'ब्लैकमेल' साल 2018 में रिलीज हुई एक बेहतरीन डार्क-कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी देव कौशल (इरफान खान) नाम के एक सामान्य, मिडिल-क्लास आदमी की है, जो अपनी नीरस जिंदगी और ईएमआई के बोझ से परेशान रहता है। देव एक दिन अपनी पत्नी रीना (कीर्ति कुल्हारी) को सरप्राइज देने के लिए जल्दी घर लौटता है। वहाँ उसे पता चलता है कि रीना का रणजीत (अरुणोदय सिंह) नाम के एक शादीशुदा आदमी के साथ अफेयर चल रहा है। इसके बाद शुरू होता है ब्लैकमेलिंग का गंदा खेल। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### द फैमिली मैन

'द फैमिली मैन' एक हिट सीरीज रही है। इसके पहले सीजन में दिखाया गया कि पैसे कमाने और काम के चले मनोज वाजपेयी अपनी पत्नी सुची को टाइम नहीं देते हैं। ऐसे में वो प्यार और सहारे के लिए किसी और के पास नहीं बल्कि अपने ही बॉस के करीब हो जाती है। इसे आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत, वितरित किया गणवेश



**पामगढ़।** शिक्षा विभाग के आदेशानुसार विकास खंड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ रामेन्द्र जोशी, संकुल प्राचार्य जागेश्वर साण्डे एवं शैक्षिक समन्वयक खमेश्वर बंजारे के निर्देशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हेड़सपुर में शाला प्रवेश उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अनिल दिवाकर सरपंच , ग्राम पंचायत के पंच प्रितम ,दिलीप ,प्रधान पाठिका श्रीमती निर्मला कौशिक , विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा गांव के वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवप्रवेशी नन्हे बच्चों का गुलदस्ता भेंट कर एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही बच्चों को निःशुल्क गणवेश वितरण कर उन्हें विद्यालय से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। अतिथियों ने बच्चों एवं पालकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया तथा सरपंच द्वारा पालको से अनुरोध किया गया कि बच्चों को नियमित विद्यालय भेजे । इस अवसर पर पालकों के अलावा संस्था के शिक्षक संतराम जोशी, श्रीमती अर्चना जोशी, गोपी राम कश्यप, श्रीमती लता साहू, फुलेश्वरी, मंगलू सोनवानी उपस्थित थे।

### बच्चों को राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान एवं सरस्वती मंत्र की दी गई जानकारी



**बहेराडीह।** शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला सिवनी में शाला खुलने के पहले शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। प्रार्थना के प्रभारी शिक्षक अशोक तिवारी द्वारा उपस्थित बच्चों को दीपक प्रज्जवलित कर दीप मंत्र, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, गुरुमंत्र, सरस्वती मंत्र की जानकारी दी। महापुरूष की जीवन वाचन के अंतर्गत श्री तिवारी ने महाराणा प्रताप की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि उन्होंने सम्राट अकबर के अधीनता को नकारते हुए मातृभूमि की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए युद्ध किया इस कारण उनका नाम इतिहास में अमर हुआ स इसी कड़ी में प्रधान पाठक राजू देवांगन ने बच्चों को भोजन मंत्र, शांति मंत्र का वाचन कराया। वहीं छुट्टी होने पर पुनः उन्हें राज्य गीत का गायन कराकर छुट्टी दी गई। इस प्रकार सत्र के पहले दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहीं स

### मनोकामना पूर्ण होने पर श्रद्धालु ने घुटनों के बल तय की दूरी



**अकलतरा।** आस्था, श्रद्धा और विश्वास का अद्भुत उदाहरण सोमवार को अकलतरा में देखने को मिला, जब पामगढ़ निवासी थ्रिशी खरे ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर बाबा श्याम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए विशेष धार्मिक संकल्प पूरा किया। उन्होंने चिलचिलाती धूप में अकलतरा ओवरब्रिज से लेकर श्याम मनोहर मंदिर तक घुटनों के बल चलकर यात्रा की और हाथों में प्रज्वलित दीपक लेकर मंदिर पहुंचकर बाबा श्याम के चरणों में शीश नवाया। इस भीषण गर्मी में जहां आदमी 2 मिनट के लिए भी खुले आसमान के नीचे रहना पसंद नहीं कर रहा है वहीं इस श्याम भक्त त्रिशी खरे ने अकलतरा बोहर ब्रिज का लगभग आधा किलोमीटर की दूरी घुटनों के बल चलकर आते हुए बाबा के चरणों में अपनी श्रद्धा की अभिव्यक्ति की। बताया गया कि थ्रिशी खरे ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर यह संकल्प लिया था। संकल्प के अनुसार उन्होंने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ कठिन मार्ग को घुटनों के बल तय किया। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने उनकी अटूट आस्था और समर्पण की सराहना की। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा श्याम का आभार व्यक्त किया तथा परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्याम भक्तों की बड़ी संख्या मंदिर परिसर में मौजूद रही। श्री श्याम मनोहर प्रबंधन समिति ने थ्रिशी खरे की श्रद्धा, समर्पण और भक्ति भावना की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि बाबा श्याम अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा और विश्वास का सदैव मान रखते हैं।

### प्राकृतिक आपदा से बचाव के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के संवाद कक्ष में की गई है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी बाढ़ राहत शाखा देवेन्द्र कुमार चौधरी को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने और अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग

# बिजली दर वृद्धि और अघोषित कटौती के विरोध में कांग्रेसियों ने किया मंडल कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

लगातार बढ़ती महंगाई, बिजली दरों में वृद्धि तथा अघोषित बिजली कटौती के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केरा रोड स्थित बिजली कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रतीकात्मक रूप से चूड़ियां भेंट की गईं। इस अवसर पर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर बिजली दरों में की गई वृद्धि को तत्काल वापस लेने और अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की गई।

बुधवार 17 जून को आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जिले भर से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कोयला, बिजली उत्पादन के संसाधन और भूमि उपलब्ध होने के बावजूद आम जनता को महंगी बिजली खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश सरकार ने चरणबद्ध तरीके से बिजली दरों में लगभग साढ़े छह प्रतिशत की वृद्धि कर महंगाई की मार झेल रही जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बाद अब बिजली दरों में 30 से




बिजली ऑफिस का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस पदाधिकारी।

50 पैसे प्रति यूनिट तक की वृद्धि कर लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी गई हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बिजली आज केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि आम नागरिकों के दैनिक जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है। ऐसे समय में बिजली दरों में वृद्धि करना गरीबों, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों, छोटे व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों के हितों पर सीधा आघात है। नेताओं ने आरोप लगाया कि एक ओर सरकार बिजली दरों में वृद्धि कर रही है, वहीं दूसरी ओर प्रदेशभर में जारी अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, छोटे उद्योग-धंधे संकट में हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को घंटों अंधेरे में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। इस अवसर पर रमेश पैगवार, विवेक सिंह सिसोदिया, भगवानदास गढ़वाल, अजीत सिंह राणा, गिरधारी यादव, रविंद्र शर्मा सहित ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामविलास राठौर, सुनील साधवानी, गौरव सिंह, रविंद्र शर्मा, बबला महाराज और नवल सिंह, रफीक सिद्दीकी, देव कुमार पांडे सहित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव



**सक्ती।** बेतहाशा बिजली बिल बढ़ोत्तरी के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला अध्यक्ष श्रीमती रश्मि गवेल के नेतृत्व में जिला मुख्यालय सक्ती के विद्युत विभाग कार्यालय घेराव किया गया। इसमें प्रमुख रूप से श्याम कुमार केवट ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मालखरौदा, रामप्यारे सिदार शक्ति ग्रामीण, अमरसिंग बनाफर गिरधर जायसवाल, घनश्याम देवांगन, कुसुम यादव ,पिंटू ठाकुर, भुनेश्वर चंद्रा, सरोज डनसेना (जिला पंचायत सदस्य),ताम्रध्वज चंद्रा, हरीश अग्रवाल, संतोष सोनी, लच्छी यादव, छोटू दास महंत, पवन साहू,राम संजीवन, रामप्रसाद यादव, भूरू अग्रवाल, राजेश लहरें,राम लखन कटकवार, राहुल भारद्वाज, रामनारायण चौहान, संजय सिदार ,संजय जांगड़े,अशोक गवेल, चंद्र कुमार गवेल, समयलाल गवेल, टीका राम कुर्रे, भानु प्रताप गवेल (जिला मिडिया प्रभारी), सन्नी यादव ,लक्ष्मी चंद्रा, अमित राठौर, राजेंद्र यादव, नरेश गेवादीन, विजय सूर्यवंशी, महबूब खान, जीवेंद्र राठौर, सुनील राठौर, राशिद खान गोरख नाथ भार्गव, महेंद्र सिदार सोनू तांबोली बाराद्वार, चक्रधर सिदार सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लेने बीईओ ने किया विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर शालाओं में अध्ययन - अध्यापन ,शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लेने बम्हनीडीह बीईओ रत्ना थवाईत ने अनेक स्कूलों का निरीक्षण किया । उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत किये गए प्राथमिक शाला केनाभांठा का निरीक्षण किया तथा शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देकर विद्यालय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कुम्हारीकला, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला लछनपुर, प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाईस्कूल पोंड़ीकला का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों के सभी कक्षाओं का अवलोकन किया । निरीक्षण के दौरान स्कूलों में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरतने के निर्देश के साथ साथ प्रतिदिन मेनू के आधार पर गुणवत्तापूर्ण भोजन परोसने के निर्देश दिए। स्कूलों में गणवेश वितरण, पाठ्यपुस्तक वितरण का भी जायजा लेकर शीघ्र गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक वितरण कर शाला प्रवेशोत्सव मनाकर अध्ययन-अध्यापन कराने को कहा। बीईओ ने पूर्व माध्यमिक शाला पोंडीकला में नव प्रवेशी छात्रों को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान कर उन्हें नियमित स्कूल आकर अध्यापन करने को कहा। उन्होंने ऑनलाइन उपस्थिति की जानकारी भी ली और सभी शिक्षकों को नियमित व्ही एस के ऐप में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीईओ ने स्कूलों की नियमित साफ सफाई पर फोकस करने के निर्देश दिये। सभी शिक्षकों से पालक सम्पर्क कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं शीघ्र ही विद्यालय प्रबंधन समिति गठन करने के निर्देश दिए । निरीक्षण के दौरान दारंग संकुल के समन्वयक धरमदास मानिकपुरी उपस्थित थे ।

■ शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देकर व्यवस्था दुरुस्त करने दिए निर्देश

## अनुविभाग स्तरीय पंजीयन शिविर को लेकर जनपद सभाकक्ष में बैठक



**पामगढ़।** विश्वास के विकास के जनकल्याण के कार्यक्रम के तहत 18 जून, 19 जून एवं 20 को सदभावना भवन पामगढ़ में आयोजित होने वाले अनुविभाग स्तरीय वृहद पंजीयन शिविर के संबंध में 17 जून को कार्यालय जनपद पंचायत पामगढ़ में एसडीएम आर.के. तंबोली ने विकास खण्ड स्तरीय विभाग प्रमुखों की बैठक ली। बैठक में पंजीयन शिविर में केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, आयुष्मान वंदना, पीएम सूर्यघर, पीएम निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जलजीवन मिशन, पीएम कौशल विकास विभाग योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में हितग्राहियों की पंजीयन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। साथ ही आयोजित होने वाले वृहद पंजीयन शिविर का जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार करने, हितग्राहियों को चिन्हित करने हेतु विभाग प्रमुख को निर्देशित किया गया।

### सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** श्री हरि महिला मानस मण्डली द्वारा भगवती अशोक साहू के निवास वार्ड न 17 में वीर बजरंगी हनुमत की कृपा बनाए रखने के लिए सबके अंदर ओज तेज शक्ति प्रदान करने वाला सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड के सुमधुर पाठ और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुजन जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष के साथ भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए। पाठ के दौरान हनुमान जी की महिमा, साहस और सेवा के संदेशों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। मंडली के अध्यक्ष डॉ. चमेली साहू ने कहा कि सुंदरकांड का नियमित पाठ व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास और मानसिक शांति का संचार करता है।

## सड़क नवीनीकरण कार्य में दुर्घटना को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

सक्ती-मालखरौदा-छपोरा राज्य मार्ग 16 का नवीनीकरण का कार्य इन दिनों 54 करोड़ की लागत से जोरो से चल रहा है। ठेकेदार द्वारा पहले चरण में नाली का कार्य कराया जा रहा है वहीं दूसरी ओर सकर्रा के सोना दूला मोड़ के पास सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू किया गया है, पर देखने में आ रहा है कि ठेकेदार द्वारा कार्य स्थल के सामने कार्य प्रगति पर है संबंधित बोर्ड नहीं लगा है, जिसके चलते कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस बारे में कई बार कार्य करने वाले कर्मचारियों को ग्रामीणों द्वारा बोर्ड लगाने के लिए कहा जा चुका है बावजूद ना तो अधिकारी ध्यान दे रहे हैं नहीं ठेकेदार ध्यान दे रहे हैं। ऐसे भी कभी भी इस जगह पर बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

■ 54 करोड़ की लागत से चल रहा सक्ती-मालखरौदा-छपोरा मार्ग का निर्माण कार्य

वहीं दूसरी ओर ठेकेदार द्वारा बनाए जा रहे नाली में ढक्कन नहीं लगाया जा रहा जिसके चलते खुला नाली भी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है तो कई जगह ऐसे देखने को मिल रहा है जहां नाली खुला होने पर चलते आने वाले समय में किसानों का ट्रैक्टर भी खेत में जा नहीं पाएगा। इस प्रकार से पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार द्वारा लगातार मनमानी पूर्वक किया जा रहा है। यहां तक की कई जगह बगल में नाली होने के बाद भी नाली बनाया जा रहा हैं। इसके अलावा नाली बनाने के बाद बहुत सारे विद्युत पोल सड़क के सोल्डर में ही गड़े हुए हैं जिसे हटाने की ओर विभाग द्वारा अभी तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते बरसात के समय वाहन चालक शोल्डर से फिसल कर इन विद्युत पोल में टकरा सकते हैं और इससे वाहन चालकों की जान भी जा सकती है।



निर्माणाधीन सड़क।

## विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही सुनियोजित अध्ययन की आदत करनी चाहिए विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा में मंगलवार को नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ अवसर पर शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन के साथ हुआ।

सरस्वती वंदना के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं का मंगल तिलक कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने ग्रीष्मावकाश के दौरान अंग्रेजी स्पोकन, फोटोग्राफी, देश-दर्शन तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में अपने अनुभव साझा किए। पूर्व छात्र कामेश अग्रवाल ने अपने विद्यार्थी जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने कक्षा आठवीं तक सरस्वती शिशु मंदिर अकलतरा में अध्ययन किया है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुशासित रहकर पूरी लगन एवं समर्पण के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्राचार्य केशव कुमार कौशिक ने नवीन शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस पर सभी छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि उच्च कक्षाओं में पहुंचने के साथ पाठ्यक्रम का दायरा बढ़ जाता है, इसलिए विद्यार्थियों को प्रारंभ से ही सुनियोजित अध्ययन की आदत विकसित करनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कक्षा अरुण से लेकर दशम तक के प्रत्येक वर्ग से दो-दो छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र कामेश अग्रवाल, दीपक पटेल, तरुण कुर्रे एवं आदित्य मरकाम विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं छात्र-छात्राएं।

## पंचायत विकास योजना के तहत टैक्स वसूली के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

पंचायती राज संस्थाओं के ग्राम के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,मितानिन, शिक्षक का पंचायत विकास योजना विषय पर क्षेत्र की लीमगांव,चरोदा, अण्डी, कीरारी बड़े मुड़पार, सारस केला, बोड़ा सागर पंचायत का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण 2 जून से 19 जून तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक जनपद पंचायत मालखरौदा की सभा कक्ष में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर वरिष्ठ कारण रोपण अधिकारी देवलाल बंजारे द्वारा बताया गया कि 22 प्रकार का टैक्स वसूली के अनिवार्यता जैसे संपत्ति कर, वैकल्पिक कर, अन्य फीस ,तालाब लीज ,तालाब ठेका ,बाजार टैक्स ,टावर स्थापना एवं नवीनीकरण शुल्क, अविवादित नामांतरण,भवन शुल्क,जाति निवास,नल कनेक्शन,सबल/प्रबल करने के लिए प्रत्येक परिवार को 1200 रुपए टैक्स भरने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा 9 थीम के संबंध में जानकारी प्रशिक्षणर्थियों को प्रशिक्षण में बताया गया जिसमें गरीबी मुक्त से लेकर सबल/ प्रबल पंचायत बनने तक विस्तार पूर्वक बातें बताया गया तो ब्लॉक के 5 पंचायत को मॉडल पंचायत तैयार करने के विषय पर जानकारी दिया गया जिसमें गरीबी मुक्त ग्राम पंचायत ,स्वस्थ पंचायत, बाल हितैषी पंचायत ,पारिस्थितिक तंत्र, स्वच्छ एवं हरियाली, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा युक्त, सामाजिक सुरक्षा युक्त ग्राम, सुशासन युक्त ,लैंगिक समतुल्यता इन नौ बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया इसके अलावा मास्टर ट्रेनर, वीरेंद्र जोलहे द्वारा 16वे वित्त की राशि मे से 80 प्रतिशत ग्राम पंचायत को 10 प्रतिशत जनपद पंचायत 10 जिला पंचायत को प्राप्त होने की जानकारी दिया। उनके द्वारा यह भी बताया गया की कार्य योजना में टाइट फंड को खर्च करने में कोई पाबंदी नहीं है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में करारोपणअधिकारी कचरू राम गोड ने भी जानकारी साझा किया ।



प्रशिक्षण के दौरान जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत राज्य स्तर पर मिला सम्मान

# मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हुए मेधावी विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला सक्ती के लिए यह गर्व और गौरव का क्षण है कि श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत जिले के दो मेधावी विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। दोनों विद्यार्थियों को कुल 4 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों के उन बच्चों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची के टॉप-10 में स्थान प्राप्त किया हो। इस वर्ष जिला सक्ती के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। जिला श्रम पदाधिकारी श्रीमती मंजुलता कुर्रे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखंड मालखरौदा अंतर्गत ग्राम भेड़िकोना निवासी कुमारी दुनिशा साहू, पिता सुरेश कुमार साहू ने कक्षा 12वीं की राज्य प्रावीण्य सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया। वहीं विकासखंड जैजैपुर अंतर्गत ग्राम आमनदूला निवासी विशाल यादव, पिता युवराज यादव ने कक्षा 10वीं की राज्य प्रावीण्य सूची में 5वां स्थान हासिल कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य तथा श्रम मंत्री, मंडल अध्यक्ष, श्रम सचिव एवं श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में दोनों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दोनों विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत कुल 4 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि का डमी चेक प्रदान किया गया। प्रत्येक विद्यार्थी को 1 लाख रुपये मेधावी प्रोत्साहन राशि तथा 1 लाख रुपये स्कूटी क्रय करने हेतु प्रदान किए गए। इस प्रकार दोनों विद्यार्थियों को कुल 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि प्राप्त हुई, जिससे उन्हें आगे की शिक्षा के लिए नया संबल और प्रेरणा मिलेगी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल दोनों विद्यार्थियों और उनके परिवारों के लिए, बल्कि पूरे जिला सक्ती के लिए गर्व का विषय है।



मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित मेघावी विद्यार्थी।

## तबला वादन में शुभ सिंह ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली छात्र शुभ सिंह ने अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए देहरादून में आयोजित "तरंगन 2026" ऑल इंडिया नेशनल डांस, म्यूजिक, फाइन आर्ट्स कॉम्पिटिशन एंड फेस्टिवल में तबला वादन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

यह प्रतिष्ठित आयोजन कथक रॉकर्स, दुर्ग (छत्तीसगढ़) द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से प्रतिभागियों ने भाग लिया। शुभ सिंह ने अपने उत्कृष्ट तबला वादन, लय और ताल की प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित करते हुए प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। शुभ सिंह की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उनकी सफलता ने क्षेत्र के युवा कलाकारों को संगीत और कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है।

